**प्रेस नोट - दिनांक 24.05.2025**

**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव।**

# माल निस्तारण अभियान के तहत 82 मालों का किया गया निस्तारण

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में थानों पर अनावश्यक रूप से लंबित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट द्वारा नियमानुसार कुल 82 मालों को नष्ट कराया गया ।**

**थाना गंगाघाट** – आज दिनांक 24.05.2025 को थाना गंगाघाट के मालखाने में लम्बित 82 मुकदमो से सम्बन्धित माल मुकदमाती पार्चा जात पोटली, पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित माल को माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार उपजिलाधिकारी सदर महोदय, क्षेत्राधिकारी नगर महोदया व प्रभारी निरीक्षक थाना गंगाघाट की उपस्थित में थाना परिसर में नियमानुसार नष्ट करवाया गया।



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 24.05.2025**

**थाना बारासगवर,जनपद उन्नाव।**

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/दक्षिणी एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस की टीम द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** थाना बारासगवर पर आवेदिका की तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 16.04.2025 को मु0अ0सं0 59/2025 धारा 123/64/351(2) बी.एन.एस पंजीकृत हुआ था। मुकदमा उपरोक्त में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्त नवनीत पाण्डेय उर्फ बउवन पुत्र सज्जन पाण्डेय उर्फ शिवप्रकाश पाण्डेय नि0ग्राम डौंडियाखेड़ा थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष को मनीखेड़ा नहर पुल से गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

नवनीत पाण्डेय उर्फ बउवन पुत्र सज्जन पाण्डेय उर्फ शिवप्रकाश पाण्डेय नि0ग्राम डौंडियाखेड़ा थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.थानाध्यक्ष धर्मेन्द्रनाथ मिश्र
2.हे0का0 चन्द्रेश कुमार
3.का0 नीरज कुमार

